Publication: Rajasthan Patrika
Date: 26-05-25

कविता कैंसर केयर यूनिटः नए ब्लॉक का उद्घाटन

बच्चों को सेंटर में मिल रहा कैंसर से लड़ने का हौसला

जयपुर @ पत्रिका. सेंट जूड इंडिया चाइल्ड केयर सेंटर (सेंट जूड्स) के तत्वावधान में प्रताप नगर स्थित सेक्टर सात में संचालित कविता कैंसर केयर सेंटर की क्षमता अब डेढ़ गुना से अधिक हो गई है।

रविवार को इसके नए ब्लॉक का उद्घाटन भामाशाह कैलाश कनोडिया ने किया। सेंट ज्यूड्स के सीईओ अनिल नायर के अनुसार यहां पर उन कैंसरग्रस्त बच्चों को रखा जाता है जो ग्रामीण इलाकों से आते हैं। यहां मुफ्त आवास की सुविधा दी जाती है। साथ ही उनकी समग्र देखभाल होती है। उन्हें ऐसा माहौल देते हैं कि वे कैंसर से पूरी ताकत से लड़ सकें। इस सेंटर में एसएमएस अस्पताल, जेके लोन अस्पताल, भगवान महावीर कैंसर अस्पताल और महात्मा गांधी अस्पताल में इलाज करवाने आ रहे बच्चों को रखा जाता है। वर्ष 2014 से संचालित इस सेंटर की पूर्व में बेड क्षमता 40 थी, जो अब बढ़कर 76 हो गई है। यहां वर्तमान में कैंसर ग्रस्त 45 बच्चे रह रहे हैं।